Thirteenth Loksabha

Session : 11
Date : 09-12-2002

Participants : Rawale Shri Mohan

NT>

Title: Regarding bomb blast in Mumbai Central on 6 December, 2002.

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण मध्य) : अध्यक्ष महोदय, मैं सदन के सामने फिर एक बार...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं सभी सदस्यों के नोटिसेस लेने के लिए तैयार हूं। हाथ भी मत उठाइए। सभी के नोटिसेस आएंगे, लेकिन यदि आप सहयोग करेंगे तब नहीं तो नहीं आएंगे।

...(व्यवधान)

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह : अध्यक्ष जी, हम सहयोग कर रहे हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मैं आपको समझने की कोशिश कर रहा हूं।

...(व्यवधान)

* Not Recorded.

श्री मोहन रावले : अध्यक्ष महोदय, लास्ट वीक मुम्बई शहर में फिर एक बार बम विस्फोट हुआ। घाटकोपर में बम विस्फोट हुआ।...(व्यवधान) अभी मुम्बई सैन्ट्रल में बम विस्फोट हुआ। ...(व्यवधान) हम इसमें राजनीति नहीं लाना चाहते लेकिन कांग्रेस सरकार के गृह राज्य मंत्री जो वहां हैं, उन्होंने क्यों ऐसी बात कही कि यह क्रूड बम नहीं था। सर, हमारी जानकारी के मुताबिक जो आज पेपर में भी आया है कि जिन्होंने बम विस्फोट किया, मैं खुद वहां गया था। हमारे महापौर श्री महादेव देवले जी भी गये थे। कृपा शंकर जी भी वहां आए थे। सबने देखा। सर, नीचे से क्रूड ऑयल का धुंआ नीचे से ऊपर आया हुआ था और जख्मी लोगों को खिलें लगी हुई थीं और कृपा शंकर जी ने स्टेटमेंट दिया कि यह बम विस्फोट नहीं था। सर, "उसमें सिमी " के लोग शामिल हैं, यह आज पेपर में आया हुआ है। वहां की सरकार की उनको छुपाने की कहीं कोई यह साजिश तो नहीं है? इसलिए मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि यह कितने दिन और चलेगा? ...(व्यवधान) रशिया के प्रेसीडेंट पुतिन जी आए थे। उन्होंने कहा था कि जो पाकिस्तान को वेपन्स दिये जा रहे हैं, वे टेररिस्ट्स के हाथों में जा रहे हैं, उन्होंने ऐसी शंका व्यक्त की थी।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : मोहन रावले जी, आप बैठिए।

...(व्यवधान)

श्री मोहन रावले : सर, पाकिस्तान की जनता तो सुखी है। पाकिस्तान में बम-विस्फोट नहीं हो रहा है, बम-विस्फोट तो हमारे यहां हो रहा है। हमारे यहां के लोग डरे हुए हैं। आई.डी.स्वामी साहब यहां बैठे हुए हैं। वह स्टेटमेंट दें। लोगों के दिल में डर है, उसको दूर करने की कोशिश की जाए।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : रावले जी, कम से कम आसन की आवाज तो सुनिए।

श्री मोहन रावले : जी सर, मंत्री जी यहां बैठे हुए हैं।...(व्यवधान)

श्री सुन्दर लाल तिवारी : आप तो सरकार में बैठे हुए हैं। फिर किस सरकार से पूछ रहे हैं?...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : स्टेट गवर्नमेंट से पूछ रहे हैं।

...(व्यवधान)

श्री मोहन रावले : मैं सरकार से विनती करता हूं कि आतंक को खत्म करने के लिए पाकिस्तान पर हमला किया जाए लेकिन सरकार कुछ नहीं कर रही है।...(व्यवधान)